कार्यवाही | सागर लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई 30 हजार की मांग में 8 हजार लेते परासई में धराया आरोपी

रिश्वत लेते रोजगार सहायक रंगे हाथों गिरफ्तार

नवभारत,तेजगढ़/दमोह। जिले के जबेरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत परासई में सागर लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त जारी करने के ऐवज में 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रोजगार सहायक सचिव (जीआरएस) को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

दो मकानों के नाम पर मांगी थी 30 हजार की घूस

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम परासई निवासी फरियादी संजू पिता द्वारका रैकवार ने सागर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उसके दो प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए थे, जिसके ऐवज में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सचिव राजेश सिंह लोधी द्वारा 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी।पीड़ित संजू रैकवार पूर्व में ही आरोपी रोजगार सहायक को 11 हजार रुपये दे चुका था, लेकिन इसके बाद भी शेष राशि के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। परेशान होकर हितग्राही ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस सागर से की।

लोकायुक्त ने बिछाया जाल, मौके पर ही दबोचा

शिकायत की तस्दीक करने के बाद लोकायुक्त टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए रणनीति तैयार की। तय योजना के मुताबिक, गुरुवार को जैसे ही फरियादी संजू रैकवार ने 8 हजार रुपये की रिश्वत राशि रोजगार सहायक सचिव राजेश सिंह लोधी को सौंपी, वैसे ही पास में घात लगाकर बैठी लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। हाथ धुलवाने पर कैमिकलयुक्त पानी गुलाबी हो गया, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई।

कार्रवाई में ये रहे शामिल

लोकायुक्त पुलिस की इस सफल कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) कमल सिंह उईके, निरीक्षक मंजू किरण तिर्की, प्रधान आरक्षक अजय क्षत्रिय, शफीक खान, आरक्षक आदेश तिवारी, नीलेश चौबे, गोल्डी पासी एवं प्रदीप दुबे शामिल रहे। वहीं स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था और सहयोग के लिए तेजगढ़ थाना स्टाफ से प्रधान आरक्षक सचिन नामदेव, आरक्षक राजन सिंह राजपूत,आरक्षक राजेश साहू एवं मनीष तिवारी की मौजूदगी रही। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी रोजगार सहायक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिसाईल मेन अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने खिराजे अकीदत पेश की

नवभारत,दमोह। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा द्वारा मिसाईल मेन एपीजे अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि को स्मरण करते हुए खिराजे अकीदत पेश की। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय में एक विचार गोष्टी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओ ने भाग लेकर कलाम साहब के संपूर्ण जीवन, देश प्रेम देश भक्ति में न्यौछावर कर उन्होने भारत देश को दुनिया में मिसाईल मेन व परमाणु लेश बनाकर शक्तिशाली देशो की सूची पर रखकर उन्होने देश के प्रथम व्यक्ति राष्ट्रपति का पद ग्रहण कर देश को आर्थिक मजबूत बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कलाम साहब को श्रृद्धाजंलि पेश कर कलाम साहब की अनेक उपलब्धियों पर रोशनी डाली। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष मोनू चौरसिया, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, समाज के वरिष्ठ नियाज कुरैशी ने भी कलाम साहब के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत रत्न, पदभूषण से सम्मानित कलाम साहब ने सामाजिक क्षेत्र में अनेक खोजे एवं उपलब्धियां हासिल की।कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा अल्यसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष एडवोकेड साजिद रिजवी ने कलाम साहब के जीवन परिचय पर रोशनी डालते हुए कहा कि कलाम साहब ने सामरिक क्षेत्र में अनेक खोजे की और साथ ही स्व अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल में देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर मनोनीत हुए जिसे उन्होने देश की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ बनाई।उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर.पी पटैल व वरिष्ठ शिक्षक मनीष नेमा के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में कलाम साहब की पुण्यतिथि के उपलक्ष में छात्र-छात्राओं से कलाम साहब के जीवन परिचय पर विचार गोष्ठी में भाग लेने वाले उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को अतिथियों के द्वारा शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया।

साथ ही क्विज काम्पटीशन में 10 छात्र-छात्राओं को सात्वनां पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री कार्यक्रम प्रभारी सलमान भाई जिला,संचालन महामंत्री सद्दाम भाई, जिला उपाध्यक्ष वसीम भाई, अमजद भाई,युवा नेता मुख्तार भाई,भाजपा नेता सुनील राय,अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष मुबीन कुरैशी,मीडिया प्रभारी सरताज भाई शरीफ भाई समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

13 दिन बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी का अपने मंदिर में शुभ आगमन, शोभायात्रा निकाली

नवभारत,दमोह। भगवान जगन्नाथ स्वामी 13 दिन बाद अपनी मौसी के घर नीलांचल से वापस लौटकर अपने मंदिर पहुंचे। पुराना थाना पुरेना तालाब स्थित श्री देव जगदीश स्वामी मंदिर में भगवान का मंगल आगमन हुआ।मंगलवार शाम को शोभा नगर में पंडित महेश पांडे के निवास से भगवान जगन्नाथ स्वामी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जगन्नाथ स्वामी का पुष्प वर्षा और जयकारों के साथ स्वागत किया।मंदिर समिति ने बताया कि भगवान के दर्शन अब लगभग एक माह बाद से श्रद्धालुओं के लिए नियमित रूप से शुरू हो सकेंगे। भगवान के आगमन पर क्षेत्र में धार्मिक माहौल और भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया।

नशे से दूर रहने और साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया जागरूक

नवभारत,दमोह। गैसाबाद के मुहरई गांव में पुलिस का जनजागरूकता अभियान में एसपी आनंद कलादगि व थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी।

132वां मृदंगाचार्य पंडित नानासाहेब पानसे स्मृति गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह का शुभारंभ

नवभारत,दमोह। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग की उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत व कला अकादमी,भोपाल द्वारा जिला प्रशासन दमोह व उत्थान साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था, ग्राम बकायन के सहयोग से आयोजित 132वें मृदंगाचार्य पंडित नानासाहेब पानसे स्मृति गुरु पूर्णिमा संगीत समारोह का शुभारंभ 29 जुलाई 2026 को ग्राम बकायन में भव्य रूप से हुआ।प्रथम दिवस की संध्याकालीन संगीत सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत व कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर, उपनिदेशक शेखर कारकर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अरुण पंडितकर के निर्देशन में अखाड़े के शिष्यों द्वारा पारंपरिक बंदिशों के गायन से हुई। इसके बाद इंदौर की सुश्री शिल्पा मसूरेकर ने शास्त्रीय गायन की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नन्हीं कलाकार अन्विता पालिकर ने भरतनाट्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात कोलकाता के राय मलिक ने भरतनाट्यम की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।संगीत समारोह में मुंबई के पंडित रामदास पांडे एवं गंगाधर देशपांडे ने युगल वादन प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति में सारंगी पर फ़र्रुख लतीफ़ ख़ान, तबले पर आनंद सोलंकी तथा हारमोनियम पर दीपक खसराबाल ने संगत की।इसके बाद मुंबई की हिंदी प्रभु ने कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति देते हुए भावगीत और तीनताल में अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के समापन में विपुल राय ने संतूर पर राग पहाड़ी की मनमोहक प्रस्तुति दी तथा प्रसिद्ध भजन ष्वैष्णव जन तो तेने कहिएष् से सभा का समापन किया।समारोह का संचालन साक्षी वैशम्पायन एवं अर्जुन पटेल ने किया। आयोजन की सफलता में उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के अधिकारियों, उत्थान साहित्यिक संस्था के सदस्यों, ग्रामवासियों तथा स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एक नजर में

महेंद्र ताम्रकार बने मध्य प्रदेश ताम्रकार समाज के सचिव

नवभारत,दमोह। विगत दिनों हैहैवंशीय क्षत्रिय ताम्रकार समाज मध्य प्रदेश की प्रथम कार्यकारिणी बैठक सतना में संपन्न हुई, जिसमें अखिल भारतीय ताम्रकार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार,सतना महापौर व संरक्षक योगेश ताम्रकार,मध्य प्रदेश ताम्रकार समाज के अध्यक्ष व पत्रकार धर्मेंद्र पैगवार की विशेष उपस्थिति में प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में सभी स्वजातीय बंधुओं ने वृक्षारोपण किया। इसके बाद सर्वप्रथम राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु महाराज का पूजन व धर्म ध्वज फहराया गया सभी ने महाराजा सहस्त्रबाहु भगवान की आरती का सामूहिक गायन किया।

नि :शुल्क दर्द निवारक शिविर में अनेक मरीज हुये लाभान्वित

नवभारत,दमोह। स्वर्गीय कमल कुमार जैन की पुण्यतिथि पर सम्यक् हेल्थ केयर सेंटर आशीर्वाद गार्डन के पास दिनांक 29 जुलाई 2026 बुधवार को प्रात : 10 :00 बजे से सायं 5 :बजे तक नि :शुल्क दर्द निवारक शिविर का आयोजन पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया के मुख्य अतिथ्यि में किया गया इस अवसर पर प्रारंभ में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ स्वर्गीय कमल कुमार के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि इस तरह के शिवरों में अनेक लोग जहां लाभान्वित होते है वहीं स्वयं भी इस पद्धति को अपना कर शहर एवं बाहर से आएं सभी मरीजों को शुभकामनाएं दी। शिविर में जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक रमेश चड्डा जो दुर्लभ जड़ी बूटियों के लेप के माध्यम से अनेक मरीजों के लकवा घुटनों का दर्द साइटिका का नि :शुल्क इलाज किया।

राजपूत को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत,हटा/दमोह। हटा उपजेल में पदस्थ प्रहरी प्रथा राजपूत का जल संसाधन विभाग में चयन होने पर उपजेल परिवार ने मंगलवार को उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।जेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह व समस्त स्टाफ ने प्रथा राजपूत के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस दौरान जेल अधीक्षक ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठा और लगन से कर्मचारी विभाग का नाम रोशन करते हैं। प्रथा ने भी अपनी मेहनत से यह साबित किया है।विदाई के अवसर पर जेल स्टाफ द्वारा प्रथा राजपूत को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर अजब धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब, हजारों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

नवभारत,हटा/दमोह। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर अजब धाम में भव्य सत्संग, भजन-कीर्तन और गुरु वंदना का आयोजन किया गया। भक्ति संगीत और सत्संग से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कार्यक्रमों में शामिल हुए।गुरु पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई। दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं नु महाप्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने अजब धाम की अनुशासित व्यवस्था, सेवा भावना और सुव्यवस्थित आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।समारोह को सफल बनाने में अजब धाम सेवा समिति और शिष्य गणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दर्शन, पूजन, भंडारा, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं में सेवादार दिनभर जुटे रहे।आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा और गुरु भक्ति का अद्भुत संगम देखा.

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का गरिमामय समापन

शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दमोह में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला स्तरीय गुरु पूर्णिमा श्रद्धा पर्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व प्राचार्य नरेंद्र नायक, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सत्यम चौरसिया ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉक्टर आलोक सोनवलकर, (पूर्व प्राचार्य)अनिल जैन, सुरेश पटेल (जिला कोषाध्यक्ष),राजेश विश्वकर्मा, सुधीर गुप्ता,इम्तियाज चिश्ती व बीआरसी ललित रैकवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत,दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के पूजन तथा सरस्वती वंदना से हुआ।

दमोह ताइक्वांडो अकादमी में धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

दमोह ताइक्वांडो अकादमी में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर अकादमी के सभी नन्हे व युवा खिलाड़ियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन से हुई,जहाँ अकादमी के मुख्य कोच मास्टर नीरज दुबे व कोच निधि दुबे का सभी विद्यार्थियों ने भावपूर्वक स्वागत किया।

हार्डवेयर कर्मचारियों ने की मारपीट

सिर में आए 6 टांके, 2 अज्ञात पर मामला दर्ज

नवभारत,दमोह। सिटी कोतवाली क्षेत्र पलंदी चौराहा स्थित मगंज वार्ड-1 निवासी सुरेश रैकवार उम्र करीब 50 वर्ष के साथ हार्डवेयर दुकान के कर्मचारियों ने लेन-देन को लेकर मारपीट कर दी। हमले में घायल सुरेश के सिर में करीब आधा दर्जन टांके आए हैं।घटना के बाद घायल सुरेश को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सुरेश के बयान के आधार पर 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार मारपीट के कारणों की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मौत

नवभारत,दमोह। जिले के गैसाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत सुनार नदी के खर्रा घाट के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया।जानकारी के अनुसार राजेश पिता शंकर प्रसाद सोनी निवासी खमरगौर अपने ही खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सौरभ शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।इस हादसे से गांव में शोक की लहर है।

फांसी लगाकर 30 वर्षीय महिला ने की आत्महत्या

फांसी लगाकर 30 वर्षीय महिला आत्महत्या कर ली। जिसे इलाज के लिए बुधवार को दमोह जिला अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत कर दिया। आपको जानकारी के अनुसार देहात थाना क्षेत्र सागर नाका चौकी के समीप हिरदेपुर निवासी मीरा पति उमेश प्रजापति उम्र 30 वर्ष जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

गोंड समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ ने बच्चों को बांटी पाठ्यस्तक

नवभारत,दमोह। युवा प्रकोष्ठ ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश साथ ही बच्चों को बांटी पाठ्यस्तक स्कूली आवश्यक सामग्री ओर संगठन का विस्तार करते हुए सर्किल कमेटी का गठन करते हुए नियुक्ति की गई। आगे प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील शाह ऐडाली ने जानकारी देते हुए बताया है कि गोंड समाज महासभा जिला कमेटी दमोह के निर्देशन में युवा प्रकोष्ठ की जिलास्तरीय महत्वपूर्ण बैठक ग्राम शाहपुरा बोरदा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में बटियागढ़ व पथरिया ब्लॉक की संयुक्त बैठक की शुरुवात प्रकृति शक्ति भगवान बड़ादेव की सुमरनी पाटा कर किया गया।जिला अध्यक्ष तिरु अनरत सिंह ऐडाली ने संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए सर्व सम्मति से सर्किल कमेटी मगरोन से अध्यक्ष के पद पर तिरु हरिदास सिंह मरावी को नियुक्त किया गया। जिला सचिव महेंद्र सिंह मरकाम ने आगामी विश्व आदिवासी दिवस मनाने के विचार रखे। बटियागढ़ ब्लॉक से युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष कमल सिंह धुर्वे को नियुक्त किया गया।

हादसा | बाल-बाल बचे बच्चे, तहसीलदार और टीमें पहुंची

200 साल पुराना पीपल गिरा, स्कूल और ठेले क्षतिग्रस्त

नवभारत,दमोह। शहर के टाकीज तिराहा स्थित रानी दुर्गावती स्कूल के पास मंगलवार को एक 200 वर्ष पुराना पीपल का विशाल वृक्ष अचानक जड़ से उखड़कर गिर गया। वृक्ष स्कूल की दीवार और वहां खड़े ठेलों पर गिरने से काफी नुकसान हुआ है।गनीमत रही कि घटना के समय स्कूल के आसपास बच्चे और शिक्षक मौजूद नहीं थे। अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।सूचना मिलते ही वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति के सदस्य दीपक नेमा, सत्यम चौरसिया और उनकी टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने तत्काल नगर पालिका को सूचना दी।इधर एसडीएम को जानकारी लगते ही उन्होंने तहसीलदार रॉबिन जैन, राजस्व निरीक्षक अभिषेक जैन, आरक्षक भूपेंद्र और नगरपालिका व विद्युत विभाग की टीम को घटनास्थल पर भेजकर मुआयना कराया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्थानीय निवासी 70 वर्षीय कल्लन रैकवार ने बताया कि यह पीपल का पेड़ करीब 200 साल पुराना था। अचानक जड़ से उखड़कर गिर गया। ईश्वर की कृपा है कि कोई हताहत नहीं हुआ।नगर पालिका की टीम ने वृक्ष को हटवाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस और प्रशासन ने स्कूल प्रशासन को परिसर की सुरक्षा के निर्देश दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पुराने पेड़ों की समय-समय पर जांच कराने की मांग की है।

विद्युत विभाग शिविर लगाकर अविलंब करे समाधान : मानक पटेल

नवभारत,दमोह। विद्युत विभाग की नाकामियो कर्मचारियों के द्वारा अघोषित बिजली कटौती को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में उपब्लाक अध्यक्ष बांदकपुर के नेतृत्व में देव जागेश्वर नाथ मंदिर से कांग्रेसजनों एवं ग्रामवासियों के साथ पैदल मार्च करते हुए क्षेत्र में उपभोक्ताओं को दिये जा रहे मनमाने बिल को लेकर कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा असमय बिजली वह भी बरसात के समय रात्रि में बिजली काटना दुर्भाग्य पूर्ण है इस समय जीव जन्तुओं का भी खतरा बना रहता है जिससे आये दिन दुर्घटनाये हो रही है। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि बांदकपुर मंडल के कई ट्रांसफार्मर बंद पड़े है उन क्षेत्रो में तत्काल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाये। शहर और ग्रामीण की बिजली व्यवस्थाओं में भेदभाव बंद किया जाये।

नितिन मिश्रा संगठन सचिव, परम यादव, उपब्लाक अध्यक्ष योगेश बाजपेई, वीरेन्द्र राजपूत जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दृगपाल सिंह, एम.एम. राही, मदन पांडे, रामू विश्वकर्मा, हीरा सींग, चूरामन राय, अमित बुधौल्या, खिल्लू ठाकुर, जावेद रोजान ने भी कहा कि कमलनाथ सरकार में शिविर लगाकर निराकरण किया जाता था जो भारतीय जनता पार्टी ने बंद कर दिया है उनकी मांग है कि कम से कम एक माह में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण किया जाये। इस अवसर पर रामचंद गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, ए.के.चिश्ती, पूरन सींग, तेज सींग, नवल सींग श्याम पांडे, विकास पांडे सहित आसपास के क्षेत्रो के ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।